भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1747
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कुंभ मेले के लिए आवंटित धनराशि

1747 श्री एस. कल्याणसुन्दरम:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2019 में कुंभ मेले के लिए कितनी धनराशि आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई थी और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होने वाले दक्षिण भारतीय कुंभ मेले कुंभकोणम में महामहम के आयोजन के लिए विशेष धनराशि और योजनाओं की घोषणा करने का कोई विचार है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2019 में कुम्भ मेले के लिए कोई निधि आवंटित नहीं की गई है।

(ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों, महोत्सवों और पर्यटन महत्व के कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है। राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों पर मंत्रालय में विचार किया जाता है और योजना दिशा-निर्देशों की अपेक्षाओं को पूरा करने वाले प्रस्तावों को निधियों की उपलब्धता की शर्त पर अनुमोदित किया जाता है।

****